XXXIX (a)-BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश–ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश, पृष्ठ

प्रकरण क्रमांक R 2232-I/15 जिला सागर

स्थान तथा दिनॉक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
16.7.15	1— मैंने प्रकरण का अवलोकन किया, यह निगरानी तहसीलदार सागर के अंतरिम आदेश दिनॉक 10.07.2015 के प्र0क्र0 358 अ/6/वर्ष 2014—15 पक्षकार **कु0 सृष्टि तनय श्री प्रमोद समैया विरूद्ध शासन** के विरूद्ध म0प्र0भू–राजस्व संहिता के संशोधन अधिनियम के तहत प्रस्तुत की गयी है। 2— आवेदक अधिवक्ता दिलीप गोस्वामी के तर्कों का विचार किया गया प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों से यह प्रतीत होता है कि विचारण न्यायालय के समक्ष प्रकरण वर्तमान् में विचाराधीन है। जिसमें पेशी दिनॉक 17.07.2015 नियत है ऐसी स्थिति में प्रस्तुत निगरानी को ग्राह्य किये जाने का कोई औचित्य नहीं है। आवेदकगणों की ओर से अधिवक्ता द्वारा व्यवहार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये वादपत्र की प्रति प्रस्तुत की गयी है। आवेदकगणों को निर्देशित किया जाता है कि वे व्यवहार न्यायालय से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज तहसीलदार सागर के समक्ष प्रचलित कार्यवाही में प्रस्तुत करें तहसीलदार सागर को निर्देशित किया जाता है कि वे उभय पक्षों को सनुवाई का अवसर देते हुये व्यवहार न्यायालय के दस्तावेजों के परिपेक्ष्य में उल्लिखित खसरा नंबर एवं दस्तावेज नामांतरण प्रकरणों में उल्लिखित खसरा नंबरों में समानता पायी जाती है तो नामांतरण की कार्यवाही व्यवहार न्यायालय के आदेश होने तक स्थगित रखी जाये। तदानुसार यह प्रकरण निराकृत किया जाता है आदेश की प्रति तहसीलदार सागर को भेजी जाये। सदस्य	

कृ.प.उ.



समक्ष माननीय राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

निगरानी 2232-I-15

1. महेन्द्र खटीक तनय स्व0श्री जीवनलाल खटीक
   निवासी सूबेदार वार्ड, सागर जिला-सागर
2. महेश साहू तनय श्री गिरधारीलाल साहू
   निवासी भगतसिंह वार्ड, सागर जिला-सागर
3. कमलेश साहू तनय स्व0श्री श्याम बिहारी साहू
   निवासी जवाहरगंज वार्ड सागर जिला-सागर

...........आवेदकगण

//बनाम//

1. कु0 सृष्टि तनय श्री प्रमोद समैया
2. श्रीमति सतेन्द्र जीत मिड्ढ़ा पत्नि श्री जगमोहन सिंह मिड्ढ़ा
   निवासी अन्नानगर चैन्नई तमिलनाडू

..........अनावेदकगण

निगरानी अंतर्गत् धारा 50 म0प्र0भू-राजस्व संहिता 1959

उपरोक्त आवेदकगण न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार सागर के प्र0 क्र0 358अ/6/वर्ष2014-15 में पारित अनंतरिम आदेश दिनाँक 10.07.2015 से परिवेदित होकर यह गिनरानी निम्न प्रमुख एवं अन्य आधारों पर प्रस्तुत करते है:-

//प्रकरण के तथ्य//

1. यह कि, प्रकरण संक्षिप्त में इस प्रकार है कि आवेदकगणों को अनावेदक क्र02 श्रीमति सतेन्दर जीत मिड्ढ़ा ने उसके स्वामित्व व हक की भूमि स्थित ग्राम अमावनी प्र0ह0नं0 46 तह0व जिला सागर ख0नं022 रकवा 1.59हे0 ख0नं029 रकवा 0.04हे0 एवं ख0नं031/2 रकवा 0.16हे0 कुल 2.15हे0 भूमि को 30,00000/-रू0 अंकन में तीस लाख रूपये में विक्रय करने का इकरारनामा दिनाँक 28.04.2015 को निष्पादित किया था जिसके एवज में आवेदकगणों ने अनावेदक क्र02 को ब्याने के रूप